BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
POST MID TERM- (2024-25)
HINDI

Class: VI — Duration : **1.00 Hrs**
Date : 04-01-2025 — Max. Marks: **25**
Admission No.: — Roll No.:

<u>नोट :</u>

- <u>प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |</u>
- <u>कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |</u>
- <u>सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |</u>
- <u>प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |</u>

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- **[5]**

वसंत का प्रारंभ मधुमास से होता है। वसंत का स्वागत करने के लिए पेड़-पौधे अपने पुराने पत्तों रूपी वस्त्रों को त्यागकर कर नए पत्ते धारण कर लेते हैं। सभी ओर वन और उपवन नए रूप में दिखाई देने लगते हैं। प्रकृति में सर्वत्र हरीतिमा का साम्राज्य होता है। रंग-बिरंगे फूलों पर भ्रमरों की गुंजार मनमोहक लगती है। रंग-बिरंगी तितलियाँ फूलों पर लहराने लगती हैं। खेतों में सरसों के फूल लहराने लगते हैं। वसंत ऋतु में आम के वृक्षों पर मंजरी आ जाती है, उसकी सुगंध से सभी वन-उपवन महकने लगते हैं। वसंत ऋतु की छटा को देखकर जड़-चेतन सभी के मन में उल्लास छा जाता है। कवि अपनी नई-नई कल्पनाएँ करते हैं। कवियों ने अपनी कल्पना एवं अनुभूतियों से वसंत की अनेक प्रकार से महिमा गाई है। श्री सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ने तो वसंत को महंत का रूपक दे दिया है।

(i) वसंत का स्वागत करने के लिए पेड़-पौधे क्या करते हैं ?

(a) अपनी पुरानी पत्तियाँ झाड़ देते हैं (b) पुराने पत्तों रूपी वस्त्र का त्याग कर नए पत्ते धारण करते हैं

(c)) तेज हवाओं के संग झूमने लगते हैं (d) इनमें से कोई नहीं

(ii) रंग-बिरंगे फूलों पर कौन गुंजार करते हैं ?

(a) छिपकलियाँ (b) बरें (c) भ्रमर (d) मोर

(iii) वसंत ऋतु में किसकी सुगंध से सभी वन-उपवन महकने लगते हैं ?

(a) आम के वृक्ष की मंजरियों से (b) गुलाब के फूलों से

(c) मोगरे से (d) रात की रानी से

(iv) किसने अपनी कल्पना और अनुभूतियों से वसंत की अनेक प्रकार से महिमा गाई है ?

(a) कवियों ने (b) गायकों ने (c) किसानों ने (d) संन्यासियों ने

(v) किसने वसंत को महंत का रूपक दे दिया है ?

(a) रामधारी सिंह 'दिनकर' (b) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(c) हरिवंशराय 'बच्चन' (d) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

प्रश्न.2 दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई दो):- **[2]**

(i) दूध का दूध और पानी का पानी

(ii) दिल टूट जाना

(iii) कान भरना

प्रश्न.3. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए (कोई तीन) :- **[3]**

(i) पवन - -------------

(ii) अग्नि - -------------

(ii) आँख - -------------

(iv) प्रभु - -------------

प्रश्न.4 दिए गए वाक्यों में काल को पहचानकर लिखिए :- **[2]**

(i) मोहन राज के पास जा रहा है |

(ii) तुम्हारे साथ मेरा गुजारा नहीं हो पाएगा |

प्रश्न 5 दिए गए शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए (कोई दो) :- **[2]**

(i) जो कभी मरे न -

(ii) जो पूजा करता है

(iii) तप करने वाला -

(iv) जो बहुत बोलता हो

प्रश्न 6 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [6]

(i) अलगू चौधरी ने सरपंच बनने पर किसके पक्ष में फैसला सुनाया ?

(ii) जुम्मन ने किसके पक्ष में और क्या फैसला सुनाया ?

(iii) सुबह सवेरे जल्दी उठाने के क्या फायदे हैं ?

प्रश्न.7अपने छोटे भाई को परीक्षा में सफलता पाने पर बधाई-पत्र लिखिए **[5]**

अथवा

शॉपिंग मॉल जाने के लिए माँ -बेटे के बीच संवाद लिखिए |

****